भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
मौखिक प्रश्न सं. *1
मंगलवार, 11 दिसम्बर, 2018/20 अग्रहायण, 1940 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

देश में पर्यटन का विकास

*1. **श्री विजय पाल सिंह तोमरः**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सरकार द्वारा देश के युवाओं के लिए रोज़गार का सृजन करने हेतु उत्तर प्रदेश सहित देश के विभिन्न भागों में पर्यटन को विकसित करने के लिए क्या-क्या कदम उठाए गए हैं;

(ख) सरकार द्वारा इन स्थानों को लोकप्रिय बनाने के लिए क्या-क्या कदम उठाए जा रहे हैं;

(ग) विगत तीन वर्षों के दौरान उक्त पर्यटक स्थलों के सौंदर्यीकरण के लिए कितनी-कितनी धनराशि आवंटित की गयी है; और

(घ) इससे देश में पर्यटकों को आकर्षित करने तथा रोज़गार के अवसरों में वृद्धि में कितनी मदद मिलने की संभावना है?

उत्तर

पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) **(श्री के.जे. अल्फोंस)**

(क) से (घ) : एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है ।

****

देश में पर्यटन का विकास के संबंध में दिनांक 11.12.2018 के राज्य सभा मौखिक प्रश्न सं. *1 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में **विवरण**

(क): पर्यटन मंत्रालय द्वारा उत्तर प्रदेश सहित देश में पर्यटन के विकास हेतु उठाए गए कदम, जिनसे देश के युवाओं के लिए रोजगार के अवसरों के सृजन में सहायता मिली है, निम्नलिखित हैं:

i. पर्यटन मंत्रालय ने थीम आधारित पर्यटक परिपथों के विकास के दृष्टिकोण से वर्ष 2014-15 में स्वदेश दर्शन योजना शुरू की है ।

ii. तीर्थस्थल जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद) योजना संबंधी राष्ट्रीय मिशन की शुरूआत मंत्रालय द्वारा वर्ष 2014-15 में चयनित तीर्थ गंतव्यों के समग्र विकास के उद्देश्य से की गई थी ।

iii. मंत्रालय द्वारा विरासत स्थलों पर पर्यटक सुविधाओं के विकास और रख-रखाव के लिए 'एक विरासत को अपनाएं' परियोजना की शुरूआत की गई है ।

iv. मंत्रालय ने समग्र विकास हेतु देश में 17 प्रतिष्ठित पर्यटक स्थलों की पहचान की है ।

v. देश में इन-बाउंड पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 166 देशों के नागरिकों हेतु मौजूदा ई-पर्यटक वीज़ा की रूप-रेखा बदलकर ई-वीज़ा को तीन उपश्रेणियों में विभाजित कर दिया गया है यथा ई-पर्यटक वीज़ा, ई-व्यापार वीज़ा और ई-चिकित्सा वीज़ा ।

vi. विशिष्ट अभिरूचि वाले पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए 'निश पर्यटन' का विकास एवं संवर्धन तथा ऐसे अद्वितीय उत्पादों के लिए पर्यटकों का पुन: आगमन सुनिश्चित करना जिनमें भारत को तुलनात्मक रूप से बढ़त हासिल हो ।

vii. 24x7 टॉल फ्री बहुभाषी पर्यटक हेल्पलाइन का आरंभ ।

viii. महत्वपूर्ण पर्यटन सृजक मार्केटों में केंद्रीकृत प्रिंट, टीवी तथा ऑनलाइन मीडिया अभियानों के माध्यम से विभिन्न पर्यटन स्थलों सहित भारत को एक संपूर्ण पर्यटन गंतव्य के रूप में संवर्धन करना ।

ix. घरेलू तथा अंतर्राष्ट्रीय दोनों मार्केटों में देश के विभिन्न पर्यटन गंतव्यों और उत्पादों का संवर्धन ।

x. युवाओं में रोजगार योग्य दक्षता के सृजन हेतु 'हुनर से रोजगार तक' नामक विशेष पहल की शुरुआत ।

(ख): पर्यटन मंत्रालय देश के विभिन्न राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में विविध पर्यटन गंतव्यों तथा उत्पादों सहित भारत को एक संपूर्ण गंतव्य के रूप में प्रचारित करता है ।

पर्यटन मंत्रालय वैश्विक पर्यटन बाजार में भारत की हिस्सेदारी में वृद्धि करने के लिए देश के विभिन्न पर्यटन उत्पादों तथा गंतव्यों के संवर्धन के लिए विदेशों में स्थित अपने भारतपर्यटन कार्यालयों के माध्यम से पर्यटन बाजार में भारत को अधिमानता प्राप्त पर्यटन गंतव्य के रूप में स्थापित करने का प्रयास करता है । एकीकृत विपणन तथा संवर्धनात्मक कार्यनीति और यात्रा व्यापार, राज्य सरकारों और विदेश स्थित भारतीय मिशनों के सहयोग से एक समन्वित अभियान के माध्यम से इन उद्देश्यों को पूरा किया जाता है ।

विदेश स्थित भारतपर्यटन कार्यालय विदेश स्थित भारतीय मिशनों के साथ मिलकर विभिन्न संवर्धनात्मक कार्यकलाप करते हैं जैसे इस मंत्रालय के आतिथ्य कार्यक्रम के तहत भारत की यात्रा करने के लिए भारतीय खाद्य महोत्सवों, सांस्कृतिक महोत्सवों/इंडिया इवनिंग्स, भारत को जानिए संगोष्ठियों, रोड शोज़, संयुक्त प्रचारों आदि का आयोजन करना तथा सहायता देना, टूर आपरेटरों, मीडिया के लोगों को, विचारकों आदि को आमंत्रित करना ।

(ग) और (घ): पर्यटन मंत्रालय ने विभिन्न पर्यटक गंतव्यों के सौन्दर्यीकरण सहित देश में पर्यटन संबंधित अवसंरचना के विकास के उद्देश्य से स्वदेश दर्शन, प्रशाद तथा केंद्रीय एजेंसियों को सहायता के अंतर्गत विभिन्न परियोजनाओं को स्वीकृति दी है । चालू वर्ष सहित पिछले तीन वर्षों के दौरान उपरोक्त योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची अनुबंध में दी गई है । उपरोक्त योजनाओं के अंतर्गत पूरी होने वाली परियोजनाओं से अंतर्राष्ट्रीय तथा घरेलू पर्यटकों को बेहतर पर्यटन अनुभव प्राप्त होंगे और इन गंतव्यों की ओर अधिकाधिक पर्यटकों को आकर्षित करने में सहायता मिलेगी जिसके परिणाम स्वरूप इन स्थानों पर युवाओं तथा स्थानीय समुदायों के लिए रोजगार के और अधिक अवसर सृजित होंगे ।

****

अनुबंध

देश में पर्यटन का विकास के संबंध में दिनांक 11.12.2018 के राज्य सभा मौखिक प्रश्न सं. *1 के भाग (ग) से (घ) के उत्तर में **विवरण**

वर्ष 2015-16, 2016-17, 2017-18 और 2018-19 के दौरान स्वदेश दर्शन, प्रशाद तथा केंद्रीय एजेंसियों को सहायता योजनाओं के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का राज्य-वार ब्यौरा ।

(करोड़ रु. में)

स्वदेश दर्शन योजना

क्र. सं.	**राज्य/संघ राज्य क्षेत्र**	**परिपथ का नाम**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि**
वर्ष 2015-16				
1.	मणिपुर	पूर्वोत्तर परिपथ	मणिपुर में पर्यटक परिपथ का विकास : इम्फाल-खोंग्जोम।	72.23
2.	सिक्किम	पूर्वोत्तर परिपथ	सिक्किम में रांग्पों (प्रवेश)- रोराथांग-अरितर-फाडमचेन-नाथंग-शेराथांग-त्सोंग्मो–गंगटोक-फोडोंग-मंगन-लाचुंग-युमथांग-लाचेन-थांगू-गुरूदोंगमेर-मंगन-गंगटोक-तुमिन लिंगी-सिंगतम (निकास) को जोड़ने वाले पर्यटक परिपथ का विकास।	98.05
3.	उत्तराखण्ड	इको परिपथ	नए गंतव्य के रूप में जिला टिहरी, उत्तराखण्ड में टिहरी झील और आसपास के विकास के लिए इको-पर्यटन, रोमांचकारी क्रीड़ा, पर्यटन से जुड़ी अवसंरचना का एकीकृत विकास।	70.92
4.	राजस्थान	मरूस्थल परिपथ	मरूस्थल परिपथ के अंतर्गत राजस्थान में साम्भर लेक टाउन एवं अन्य गंतव्यों का विकास।	63.96
5.	नागालैंड	जनजातीय परिपथ	जनजातीय परिपथ पेरेन-कोहिमा-वोखा, नागालैंड का विकास।	97.36
6.	मध्य प्रदेश	वन्यजीव परिपथ	मध्य प्रदेश में पन्ना-मुकुन्दपुर- संजय-डुबरी-बांधवगढ़-कान्हा-मुक्की-पेन्च में वन्यजीव परिपथ का विकास।	92.22
7.	आंध्र प्रदेश	तटवर्ती परिपथ	स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत आंध्र प्रदेश में श्री पोट्टी श्रीरामलू नेल्लोर में तटवर्ती पर्यटन परिपथ का विकास।	59.70
8.	तेलंगाना	इको परिपथ	तेलंगाना के महबूबनगर जिले में ईको पर्यटन परिपथ का एकीकृत विकास।	91.62
9.	केरल	इको परिपथ	केरल के इडुकी और पाथानामथिट्टा जिलों में पाथानामथिट्टा- गावी- वागमोन-थेक्काडी का ईको पर्यटन परिपथ के रूप में विकास।	76.55

10.	मिजोरम	पूर्वोत्तर परिपथ	थेंजावल एवं साउथ जोट, जिला सेरचिप और रेईक, मिजोरम में स्वदेश दर्शन पूर्वोत्तर परिपथ के अंतर्गत नए इको-पर्यटन का एकीकृत विकास।	94.91
11.	असम	वन्यजीव परिपथ	असम में वन्यजीव परिपथ के रूप में मानस-प्रोबितोरा - नामेरी - काजीरंगा -डिब्रू -सेखोवा का विकास।	95.67
12.	पुदुच्चेरी	तटवर्ती परिपथ	स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत पर्यटक परिपथ के रूप में पुदुच्चेरी संघ राज्य क्षेत्र का विकास (तटवर्ती परिपथ)	85.28
13.	अरूणाचल प्रदेश	पूर्वोत्तर परिपथ	अरूणाचल प्रदेश में नए रोमांचकारी पर्यटन का एकीकृत विकास।	97.14
14.	त्रिपुरा	पूर्वोत्तर परिपथ	त्रिपुरा में पूर्वोत्तर परिपथ का विकास: अगरतला-सिपाहिजला-मेलाघर-उदयपुर-अमरपुर-तीर्थमुख-मंदिरघाट-दुम्बूर-नरिकेलकुंज-गंडाचरा-अम्बासा ।	99.59
15.	पश्चिम बंगाल	तटवर्ती परिपथ	पश्चिम बंगाल में समुद्रतट परिपथ : उदयपुर-दीघा-शंकरपुर-ताजपुर-मंदारमणि-फ्रेजरगंज-बक्खलई-हेनरी द्वीप का विकास।	85.39
16.	छत्तीसगढ़	जनजातीय परिपथ	छत्तीसगढ़ में जशपुर-कुंकुरी-मैनपत-अंबिकापुर-महेशपुर-रतनपुर-कुरदार- सरोदादादर-गंगरेल-कोंडगांव-नथयनवगांव-जगदलपुर-चित्रकूट-तीर्थगढ़ में जनजातीय पर्यटन परिपथ का विकास।	99.21
17.	महाराष्ट्र	तटवर्ती परिपथ	स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत महाराष्ट्र में सिंधुदुर्ग तटवर्ती परिपथ का विकास।	82.17
			2015-16 का कुल योग	**1461.97**
वर्ष 2016-17				
18.	गोवा	तटवर्ती परिपथ	गोवा में तटवर्ती परिपथ (सिंक्वेरियम-बागा-अंजुना-वेगेटर-मोरजिम-केरी-अगौदा किला और अगौदा जेल) का विकास।	99.99
19.	जम्मू और कश्मीर	हिमालयन परिपथ	जम्मू और कश्मीर राज्य में पर्यटन अवसंरचना परियोजनाओं का एकीकृत विकास।	82.97
20.	तेलंगाना	जनजातीय परिपथ	तेलंगाना में मुलुगु-लकनावरम-मेदावरम-तडवई-दमारवी-मल्लूर-बोगाथा जलप्रपात का जनजातीय परिपथ के रूप में एकीकृत विकास।	84.40
21.	मेघालय	पूर्वोत्तर परिपथ	उमियम (लेक-व्यू) यू लुम-सोहपेटबनेंग-मावडियांगडियांग - आर्किड लेक रिजार्ट, मेघालय का विकास ।	99.13
22.	मध्य प्रदेश	बौद्ध परिपथ	मध्य प्रदेश में सांची-सतना-रीवा-मंदसौर-धार में बौद्ध परिपथ का विकास।	74.94
23.	केरल	आध्यात्मिक परिपथ	पाथानामथिट्टा जिला, केरल में आध्यात्मिक परिपथ के रूप में सबरीमाला-एरूमेलि-पम्पा-सन्नीधानम का विकास।	99.99

24.	मणिपुर	आध्यात्मिक परिपथ	आध्यात्मिक परिपथ - श्रीगोविंदजी मंदिर- श्रीबिजय गोविंदजी मंदिर-श्रीगोपीनाथ मंदिर- श्रीबंगशीबोदन मंदिर-श्री कैना मंदिर, मणिपुर का विकास।	53.80
25.	गुजरात	विरासत परिपथ	गुजरात में अहमदाबाद-राजकोट-पोरबंदर-बारदोली-दांडी में विरासत परिपथ का विकास।	93.48
26.	हरियाणा	कृष्ण परिपथ	कुरूक्षेत्र, हरियाणा में महाभारत से संबंधित स्थानों में पर्यटन अवसंरचना विकास।	97.35
27.	राजस्थान	कृष्ण परिपथ	राजस्थान में गोविन्द देव जी मंदिर (जयपुर), खाटूश्याम जी (सीकर) और नाथद्वारा (राजसमंद) का एकीकृत विकास।	91.45
28.	सिक्किम	पूर्वोत्तर परिपथ	सिक्किम में सिंगतम-माका-तेमी-बेरमोइक तोकल-फोंगिया-नामची-जोरथांग-ओकारे-सोमबारिया-दरमदीन-जोरेथांग-मेली (निकास) को जोड़ने वाले पर्यटक परिपथ विकास।	95.32
29.	मध्य प्रदेश	विरासत परिपथ	विरासत परिपथ का विकास (ग्वालियर -ओरछा - खजुराहो - चंदेरी - भीमबेटका - मांडु) मध्य प्रदेश	99.77
30.	केरल	आध्यात्मिक परिपथ	केरल में आध्यात्मिक परिपथ के रूप में श्री पदमनाभ अरनामुला - सबरीमाला का विकास।	92.44
31.	बिहार	तीर्थंकर परिपथ	तीर्थंकर परिपथ के रूप में जैन परिपथ : बिहार में वैशाली-आरा-मसाद-पटना-राजगीर-पावापुरी-चंपापुरी का विकास।	52.39
32.	बिहार	आध्यात्मिक परिपथ	बिहार में आध्यात्मिक परिपथ के अंतर्गत कांवड़िया रूट, सुल्तानगंज-धर्मशाला - देवघर का एकीकृत विकास।	52.35
33.	ओडिशा	तटवर्ती परिपथ	ओडिशा में तटवर्ती परिपथ के रूप में गोपालपुर, बारकुल, सतपदा और तंपारा का विकास	76.49
34.	नागालैंड	जनजातीय परिपथ	नागालैंड में जनजातीय परिपथ का विकास (मोकोकचुंग-तुएनसांग-मोन)	99.67
35.	उत्तराखंड	विरासत परिपथ	उत्तराखंड में कुमाऊं क्षेत्र में कटारमल-जोगेश्वर-बैजनाथ-देवीधुरा विरासत परिपथ का एकीकृत विकास।	81.94
36.	जम्मू एवं कश्मीर	हिमालयन परिपथ	जम्मू एवं कश्मीर में हिमालयन परिपथ थीम के तहत जम्मू-राजौरी-शोपियन-पुलवामा में पर्यटक सुविधाओं का एकीकृत विकास।	96.38
37.	जम्मू एवं कश्मीर	हिमालयन परिपथ	जम्मू -कश्मीर के लिए प्रधानमंत्री विकास पैकेज के तहत 2014 में आई बाढ़ में हुई तबाही के एवज में परिसंपत्तियों के निर्माण के तहत पर्यटन सुविधाओं का एकीकृत विकास।	98.70

38.	जम्मू एवं कश्मीर	हिमालयन परिपथ	जम्मू एवं कश्मीर में हिमालयन परिपथ थीम के तहत मंतालाई-सुधमहादेव-पटनीटॉप में पर्यटक सुविधाओं का एकीकृत विकास।	97.82
39.	जम्मू एवं कश्मीर	हिमालयन परिपथ	जम्मू एवं कश्मीर में हिमालयन परिपथ थीम के तहत अनंतनाग-किश्तवार-पहलगाम-दकसुम-रंजीत सागर बांध पर पर्यटक सुविधाओं का एकीकृत विकास।	96.39
40.	जम्मू एवं कश्मीर	हिमालयन परिपथ	जम्मू एवं कश्मीर में हिमालयन परिपथ थीम के तहत गुलमर्ग-बारामुला-कुपवाड़ा-लेह परिपथ पर पर्यटक सुविधाओं का एकीकृत विकास।	96.93
41.	उत्तर प्रदेश	बौद्ध परिपथ	उत्तर प्रदेश में श्रावस्ती, कुशीनगर एवं कपिलवस्तु बौद्ध परिपथ का विकास	99.97
42.	उत्तर प्रदेश	रामायण परिपथ	उत्तर प्रदेश में चित्रकूट और श्रृंगवेरपुर का रामायण परिपथ के रूप में विकास	69.45
43.	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	तटवर्ती परिपथ	स्वदेश दर्शन योजना के तटवर्ती थीमैटिक परिपथ के तहत अंडमान और निकोबार में तटवर्ती परिपथ का विकास (लांग आईलैंड-रास स्मिथ आईलैंड-नील आईलैंड-हैवलॉक आईलैंड-वाराटांग आईलैंड-पोर्ट ब्लेयर)	42.19
44.	तमिलनाडु	तटवर्ती परिपथ	तमिलनाडु में स्वदेश दर्शन योजना के तहत तटवर्ती परिपथ का विकास (चैन्नई-मामल्लापुरम-रामेश्वरम-मान्नपदु-कन्याकुमारी)।	99.92
45.	उत्तर प्रदेश	आध्यात्मिक परिपथ	आध्यात्मिक परिपथ का विकास (शाहजहांपुर- बस्ती-अहर-अलीगढ़-कासगंज-सरोसी-प्रतापगढ़-उन्नाव-कौशाम्बी–मिर्जापुर-गोरखपुर-केराना-दुमरियागंज-बागपत-बाराबंकी-आजमगढ़)।	68.39
46.	उत्तर प्रदेश	आध्यात्मिक परिपथ	स्वदेश दर्शन योजना के तहत उत्तर प्रदेश में आध्यात्मिक परिपथ -।। का विकास (बिजनौर-मेरठ-कानपुर-कानपुर देहात-बांदा-गाजीपुर-सलेमपुर-घोसी-बलिया-अम्बेडकर नगर-अलीगढ़-फतेहपुर-देवरिया-महोबा-सोनभद्र-चन्दौली-मिश्रिख-भदोही)	63.77
47.	उत्तर प्रदेश	विरासत परिपथ	स्वदेश दर्शन योजना के तहत उत्तर प्रदेश में विरासत परिपथ (कालिंजर किला (बांदा)-मरहर धाम (संतकबीर नगर)-चौरी चौरा, शहीद स्थल (फतेहपुर)-मावाहर स्थल (घोसी)- शहीद स्मारक (मेरठ) का विकास।	34.82
48.	बिहार	बौद्ध परिपथ	बिहार में बौद्ध परिपथ का विकास - बोधगया, सांस्कृतिक केंद्र का निर्माण ।	98.73

49.	असम	विरासत परिपथ	स्वदेश दर्शन योजना के तहत असम में विरासत परिपथ के रूप में तेजपुर-माजुली-सिबसागर का विकास।	98.35
50.	हिमाचल प्रदेश	हिमालयन परिपथ	स्वदेश दर्शन योजना के तहत हिमाचल प्रदेश में हिमालयन परिपथ का एकीकृत विकास।	99.76
51.	मिजोरम	इको परिपथ	स्वदेश दर्शन योजना के इको परिपथ थीम के तहत ''इको-रोमांचकारी परिपथ आइजवाल-रॉपुइछिप-खॉहफॉव-लेंगपुई-डर्टलॉग-चतलांग-सकव्रवमुईतलॉग-मुथी-बेराटलॉग-तुइरियाल एयर फील्ड-मुईफॉग'' का विकास ।	99.07
52.	राजस्थान	आध्यात्मिक परिपथ	स्वदेश दर्शन योजना के तहत राजस्थान में आध्यात्मिक परिपथ -चुरू (सालासर बालाजी)-जयपुर (श्री समोदे बालाजी, घटके बालाजी, बांधे के बालाजी) -अलवर (पांडुपोल हनुमानजी, भरतहरि)-विराटनगर (बीजक, जैन्नासिया, अम्बिका मंदिर)-भरतपुर (कमान क्षेत्र)-धौलपुर (मुचकुंद)-मेहंदीपुर बालाजी-चित्तौड़गढ़ (साँवलियाजी) का विकास।	93.90
53.	गुजरात	विरासत परिपथ	स्वदेश दर्शन योजना के तहत गुजरात में विरासत परिपथ: वाडनगर-मोधेरा और पाटन का विकास।	99.81
			2016-17 का कुल योग	**3082.22**
वर्ष 2017-18				
54.	बिहार	ग्रामीण परिपथ	स्वदेश दर्शन योजना के ग्रामीण परिपथ थीम के अंतर्गत बिहार में गांधी परिपथ: भितिहरवा- चन्द्रहिया- तुरकौलिया का विकास।	44.65
55.	गोवा	तटवर्ती परिपथ	स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत गोवा में तटवर्ती परिपथ ॥: रूआ दि ओरम क्रीक- डोन पौला- कोलवा- बेनौलिम का विकास।	99.35
56.	गुजरात	बौद्ध परिपथ	स्वदेश दर्शन योजना के तहत गुजरात में बौद्ध परिपथ : जूनागढ़- गिर-सोमनाथ-भड़ूच-कच्छ-भावनगर-राजकोट-मेहसांणा का विकास।	35.99
57.	पुदुच्चेरी	विरासत परिपथ	स्वदेश दर्शन योजना के तहत पुदुच्चेरी में विरासत परिपथ का विकास।	66.35
58.	पुदुच्चेरी	आध्यात्मिक परिपथ	स्वदेश दर्शन योजना के तहत पुदुच्चेरी में आध्यात्मिक परिपथ का विकास।	40.68
59.	राजस्थान	विरासत परिपथ	स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत राजस्थान में विरासत परिपथ: राजसमंद (कुंभलगढ़ का किला)- जयपुर (नाहरगढ़ का किला) -अलवर (बाला किला)- सवाई माधोपुर	99.60

			(रणथम्बौर का किला और खण्डार किला)- झलावड़- (गगरों का किला)- चित्तौड़गढ़ (चित्तौड़गढ का किला)- जैसलमेर (जैसलमेर का किला) - हनुमानगढ़ (कालीबंगन, भटनेर किला और गोगामेड़ी)- जलौर (जलौर का किला)- उदयपुर (प्रताप गौरव केन्द्र)- धौलपुर (बाग ई-निलोफर और पुरानी छावनी)- नागौर (मीराबाई मंदिर) का विकास।	
60.	तेलंगाना	विरासत परिपथ	स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत तेलंगाना में विरासत परिपथ: कुतुब शाही विरासती पार्क-पैगाह का मज़ार- हयात बक्शी की मस्जिद-रेमण्ड की मज़ार का विकास।	99.42
61.	बिहार	आध्यात्मिक परिपथ	स्वदेश दर्शन योजना के आध्यात्मिक परिपथ थीम के तहत मंदार पहाड़ी एवं अंग प्रदेश का विकास।	53.49
62.	मध्य प्रदेश	इको परिपथ	स्वदेश दर्शन योजना के इको परिपथ थीम के तहत गांधीसागर बांध - मण्डलेश्वर बांध-ओंकारेश्वर बांध- इन्दिरा सागर बांध - तवा बांध- बारगी बांध- भेड़ा घाट- बनसागर बांध- केन नदी का विकास।	99.62
63.	उत्तर प्रदेश	रामायण परिपथ	स्वदेश दर्शन योजना के रामायण परिपथ थीम के अंतर्गत अयोध्या का विकास।	133.31
64.	आंध्र प्रदेश	बौद्ध परिपथ	स्वदेश दर्शन योजना के बौद्ध परिपथ थीम के तहत आंध्र प्रदेश में बौद्ध परिपथ: शालिहुण्डम-थोटलाकोण्डा- बावीकोण्डा-बोज्जनाकोण्डा-अमरावती-अनुपू का विकास।	52.34
			2017-18 का कुल योग	**824.8**
वर्ष 2018-19				
65.	महाराष्ट्र	आध्यात्मिक परिपथ	महाराष्ट्र में वाकी - अडासा - धापेवाड़ा - पराडसिंहा - छोटा ताज बाग - तेलानखांडी - गिराड का विकास	54.01
66.	--	बौद्ध परिपथ और रामायण परिपथ	बौद्ध परिपथ और रामायण परिपथ : वाराणसी-गया; लखनऊ-अयोध्या-लखनऊ; गोरखपुर-कुशीनगर; कुशीनगर-गया-कुशीनगर में पर्यटन मंत्रालय द्वारा मार्गस्थ सुविधाओं का विकास ।	18.10
67.	उत्तर प्रदेश	आध्यात्मिक परिपथ	जेवर- दरी- सिकंदराबाद - नोएडा - खुर्जा - बांदा का विकास	14.52
68.	झारखण्ड	इको परिपथ	इको परिपथ का विकास: डालमा-चांदिल-गेटालसूड-बेल्टा नेशनल पार्क मिरवाहिया-नेतरहाट	52.72
69.	त्रिपुरा	पूर्वोत्तर परिपथ	पूर्वोत्तर परिपथ का विकास: सुरमाचेरा - उनाकोटी -जम्पुई हिल्स-गूणावटी - भुवनेश्वरी - माताबाडी - नीरमहल - बोक्सानगर - चोटाखोला - पिलक - अवगाचारा	65.00

70.	पंजाब	विरासत परिपथ	विरासत परिपथ का विकास : आनंदपुरसाहिब - फतेहगढ़ साहिब - चमकौर साहिब- फिरोजपुर - अमृतसर - खाटकर कालान - कलानौर - पटियाला	99.95
71.	केरल	ग्रामीण परिपथ	ग्रामीण परिपथ का विकास: मालानाड मालबार क्रूज पर्यटन परियोजना	80.37
			2018-19 का योग	**384.67**
			कुल योग	**5753.66**

(करोड़ रु. में)

प्रशाद योजना			
क्र.सं.	**राज्य/संघ राज्य क्षेत्र**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि**
वर्ष 2015-16			
1.	आंध्र प्रदेश	पर्यटन गंतव्यों के रूप में आंध्र प्रदेश के अमरावती टाउन, गूंटूर जिला का विकास	28.36
2.	असम	गुवाहाटी में और इसके आस-पास कामाख्या मंदिर और तीर्थ गंतव्य का विकास	33.98
3.	बिहार	पटना साहेब का विकास	41.54
4.	पंजाब	अमृतसर में करुणा सागर वाल्मिकी स्थल का विकास	6.45
5.	राजस्थान	पुष्कर/अजमेर का एकीकृत विकास	40.44
6.	उत्तराखण्ड	केदारनाथ का एकीकृत विकास	34.78
7.	उत्तर प्रदेश	वाराणसी का विकास	20.40
		2015 -16 का योग	**205.95**
वर्ष 2016-17			
8.	गुजरात	द्वारका का विकास	26.23
9.	गुजरात	सोमनाथ में तीर्थस्थल सुविधाओं का विकास	37.44
10.	जम्मू एवं कश्मीर	हजरतबल का विकास	42.02
11.	केरल	गुरुवायूर मंदिर का विकास	46.14
12.	तमिलनाडु	कांचीपुरम का विकास	16.48
13.	तमिलनाडु	वेल्लांकनी का विकास	5.60
14.	पश्चिम बंगाल	बेलूर का विकास	30.03
		2016-17 का योग	**203.94**
वर्ष 2017-18			
15.	आंध्र प्रदेश	श्रीशैलम मंदिर का विकास	47.45
16.	मध्य प्रदेश	ओंकारेश्वर का विकास	40.67

17.	महाराष्ट्र	त्रिम्बकेश्वर का विकास	37.81
18.	उत्तर प्रदेश	गंगा नदी, वाराणसी में क्रूज पर्यटन	10.72
19.	उत्तर प्रदेश	प्रशाद योजना-।। के तहत वाराणसी का विकास	62.82
		2017-18 का योग	**199.47**
वर्ष 2018-19			
20.	उत्तराखण्ड	प्रशाद योजना के तहत बद्रीनाथ जी धाम (उत्तराखण्ड) में तीर्थयात्रा सुविधा के लिए अवसरंचना विकास	39.24
		2018-19 का योग	**39.24**
		कुल योग	**648.6**

(करोड़ रु. में)

केंद्रीय एजेंसियों को सहायता योजना				
क्र. सं.	**राज्य/संघ राज्यक्षेत्र**	**परियोजना का नाम**	**केंद्रीय एजेंसी**	**स्वीकृत राशि**
2015 -16 - इस योजना के तहत कोई परियोजना स्वीकृत नहीं की गई				
वर्ष 2016-17				
1.	केरल	विलिंगडन आईलैंड, कोच्चीन में वॉकवे/प्रोमीनेड का विकास	कोचीन पत्तन न्यास	9.01
2.	केरल	एर्नाकुलम वार्फ के बैकप क्षेत्र तथा बर्थ के उन्नयन हेतु केंद्रीय वित्तीय सहायता	कोचीन पत्तन न्यास	21.41
3.	महाराष्ट्र	पर्यटन गंतव्य के रूप में कनोजी अंग्रे लाईट हाउस के विकास हेतु मुंबई पत्तन न्यास को केंद्रीय वित्तीय सहायता	मुंबई पत्तन न्यास	15.00
4.	केरल	भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई) द्वारा एसएआई त्रिवेंद्रम गोल्फ क्लब पर गोल्फ कोर्स के उन्नयन हेतु परियोजना	भारतीय खेल प्राधिकरण (नई दिल्ली)	24.65
		2016-17 का योग		**70.07**
वर्ष 2017-18				
5.	उत्तर प्रदेश	वाराणसी, उत्तर प्रदेश में तीन स्मारकों का प्रदीप्तिकरण 1. दशाश्वमेघ घाट से दरभंगा घाट तक (300 मी. का फैलाव) 2. तुलसी मानस मंदिर 3. सारनाथ संग्राहलय	केंद्रीय लोक निर्माण विभाग	2.94
6.	पंजाब	जेसीपी अटारी में अवसंरचना विकास परियोजना	बीएसएफ	12.87
7.	हरियाणा	यादवेन्द्र गार्डन, पिंजोर में ध्वनि एवं प्रकाश शो	आईटीडीसी	6.00

8.	आंध्र प्रदेश	पुट्टपार्थी, आंध्र प्रदेश में ध्वनि एवं प्रकाश शो	आईटीडीसी	7.09
9.	दिल्ली	लाल किला, दिल्ली में ध्वनि एवं प्रकाश शो	आईटीडीसी	13.70
10.	महाराष्ट्र	इंदिरा डॉक, मुंबई में अंतर्राष्ट्रीय क्रूज टर्मिनल का उन्नयन/आधुनिकीकरण	मुंबई पत्तन न्यास	12.50
			2017-18 का योग	**55.10**
वर्ष 2018 -19				
11.	गोवा	मोर्मूगांव पत्तन पर आप्रवासन सुविधाओं को बेहतर बनाना तथा मौजूदा क्रूज बर्थ को गहरा करना	मोर्मूगांव पत्तन न्यास	13.16
			2018-19 का योग	**13.16**
			कुल योग	**138.33**

(करोड़ रु. में)

केंद्रीय एजेंसियों को सहायता योजना - रेलवे			
क्र.सं.	**स्टेशन का नाम**	**डिविजन**	**स्वीकृत राशि**
वर्ष 2015-16 - इस योजना के तहत कोई परियोजना स्वीकृत नहीं की गई			
वर्ष 2016-17			
1.	पुरी	खुर्दा रोड	6.15
2.	हैदराबाद	हैदराबाद	4.41
3.	नांदेड़	नांदेड़	5.18
4.	तिरुपति	गुंटकल	5.75
5.	होसपेट	हुबली	5.41
		2016-17 का योग	**26.9**
वर्ष 2017-18			
6.	रामेश्वरम	मदुरै	4.70
7.	औरंगाबाद	नांदेड़	5.71
8.	रामपुरहाट	हावड़ा	3.48
9.	तारकेश्वर	हावड़ा	3.86
		2017-18 का योग	**17.75**
वर्ष 2018-19			
10.	मदुरै	मदुरै	4.47
		2018-19 का योग	**4.47**
		कुल योग	**49.12**

****